an>

Title: Regarding installation of Government weighing machine in Sugar Mills.

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): अध्यक्ष महोदय, आज पूरे देश में किसान गन्ने की फसल पैदा करते हैं । गन्ने की खेती लगभग एक साल की होती है । आज चीनी मिलें चल रही हैं । किसान वहां मेहनत करके जब उसे टाली पर लाद करके ले जाते हैं, तो वहां तमाम किसान इस बात की शिकायत करते हैं कि गन्ने में प्रति टाली पांच-छः क्विंटल कम तौला जाता है । यह बहुत ही महत्वपूर्ण मामला है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि सरकारी क्रय केन्द्र की तरह अगर हर चीनी मिल में सरकारी कांटे लग जाएंगे, तो किसानों को हो रही घटतोली की बहुत बड़ी समस्या से छुटकारा मिलेगा । इससे किसानों की नुकसान की भरपाई हो सकती है । चीनी मिलों में सरकारी क्रय केन्द्र की तरह कांटे लगा कर वजन की पूर्ण पूर्ति की जाए, ताकि किसान खुशहाल हो सकें ।